आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 11.03.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही जारी। प्रश्नकाल में सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और मुद्दों को सदन में उठाया।
- आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने कहा– राज्य में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता। उपभोक्ताओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं।
- प्रदेश के शत–प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में बालिका शौचालय बनाए जाएंगे। शौचालय विहीन रह गये 141 प्राथमिक विद्यालयों में सुरक्षित शौचालय के लिए राज्य सरकार ने 5 करोड़ 34 लाख रुपए की धनराशि आवंटित की।
- केदारनाथ धाम यात्रा को सुचारू और सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज की।

बजट सत्र

भराड़ीसैंण में राज्य विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही जारी है। प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और मुद्दों को सदन में उठाया। इस दौरान खेल से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई, जिसमें खेल विभाग की मंत्री ने विभाग की योजनाओं और चुनौतियों को विस्तार से सदन के समक्ष रखा। संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चल रही है और प्रश्नकाल के बाद राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की जाएगी।

गैस आपूर्ति

मध्य पूर्व एशिया में जारी संघर्ष को देखते हुए उत्तराखंड में गैस आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग और तेल कंपनियों के साथ राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा की जा रही है। आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में घरेलू गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है, इसलिए उपभोक्ताओं को घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुपालन में राज्य शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों और ऑयल कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे LPG, PNG और CNG की उपलब्धता की निरंतर समीक्षा करें और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए इनकी समान आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में कहीं भी गैस की जमाखोरी या कालाबाजारी न हो।

आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने कहा कि यदि किसी भी स्थान पर LPG, PNG और CNG की जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत की पुष्टि होती है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस की उपलब्धता को लेकर निश्चिंत रहें, क्योंकि राज्य में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

नकली दवाई अभियान

उत्तराखंड में कोडीनयुक्त सिरप और नकली दवाइयों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, प्रदेशभर में व्यापक अभियान चला रहा है। गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में यह अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है और कई स्थानों पर संदिग्ध दवाइयों की खेप भी पकड़ी गई है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि अवैध दवा कारोबार पर नियंत्रण के लिए विशेष निरीक्षण दल सक्रिय किए गए हैं और क्रॉस–डिस्ट्रिक्ट जांच व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शोक संवेदना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रसिद्ध लोक कलाकार दीवान कनवाल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री कनवाल ने उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक संस्कृति और लोक संगीत को नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीवान कनवाल का निधन उत्तराखण्ड की लोक कला और सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

प्राथमिक विद्यालय

प्रदेश के शत प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों में बालिका शौचालय बनाये जाएंगे, जिससे यहां पढ़ने वाली बेटियों को शौचालय की समस्या से नहीं जूझना पड़े। प्रदेश में शौचालय विहीन रह गये 141 प्राथमिक विद्यालयों में सुरक्षित शौचालय के लिए राज्य सरकार ने 5 करोड़ 34 लाख रुपए की धनराशि आवंटित कर दी है। विभागीय अधिकारियों को इन विद्यालयों में इस माह तक शत–प्रतिशत बालिका शौचालय के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही जिन विद्यालयों में शौचालय निष्क्रिय पड़े हैं, उन्हें शीघ्र चालू करने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि बेटियों के लिए घर से बाहर सुरक्षित शौचालय की व्यवस्था सबसे बड़ी आवश्यकता होती है, इसलिए सरकार इस दिशा में विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस माह तक शौचालय निर्माण कार्य पूरा किया जाए और इसकी प्रगति रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, बेसिक, इसकी जिम्मेदारी के लिए उत्तरदायी होंगे।

केदारनाथ यात्रा तैयारी

केदारनाथ धाम यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सभी विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रतिनिधिमंडल

भराड़ीसैंण में आज सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया विकासखण्ड से आए जनमानस कल्याण समिति धामदेवल के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को सैनिक कल्याण मंत्री के समक्ष रखा। पदाधिकारियों ने श्री जोशी से आग्रह किया कि चौखुटिया विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सभा हाट–झला स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय धामदेवल का नाम वर्ष 1971 के युद्ध के वीर सैनिक मोहन सिंह महारा के नाम पर रखा जाए। साथ ही क्षेत्र में शहीद स्वतंत्रता सेनानी स्थल के निर्माण की भी मांग की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के वीरों के बलिदान से प्रेरणा ले सकें। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कुंभ मेला कार्य

हरिद्वार में कुंभ मेले के दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारियों के तहत मेला प्रशासन द्वारा कुंभ क्षेत्र के पौराणिक और ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए व्यापक कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पौराणिक महत्व से जुड़े भीमगोड़ा कुंड के सौंदर्यीकरण की कवायद भी शुरू कर दी गई है। अपर मेलाधिकारी दयानन्द सरस्वती ने तकनीकी विशेषज्ञों की टीम के साथ भीमगोड़ा कुंड का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की रूप–रेखा पर विचार–विमर्श किया। निरीक्षण के दौरान कुंड में पौराणिक स्रोत से जल आपूर्ति की व्यवस्था, कुंड में एकत्रित जल की समुचित निकासी, संरचनात्मक सुधार और सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि भीमगोड़ा कुंड की पौराणिक पहचान और मूल स्वरूप को संरक्षित रखते हुए इसे अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जाएगा।

मॉक ड्रिल

नैनीताल जिले में आगामी 16 और 17 मार्च को प्राकृतिक व मानव जनित आपदाओं के न्यूनीकरण को लेकर आपदा पूर्व अभ्यास आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आपदा से पूर्व की तैयारियों और आपदा से निपटने के लिए सूचनाओं का त्वरित आदान–प्रदान, सम्बन्धित विभागों से सामंजस्य और समन्वय बनाये जाने के उद्देश्य आपदा पूर्व अध्यास आयोजित किया जा रहा है।